भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक का कार्यालय
नई दिल्ली
**परीक्षा विंग**

**सं.146/06-परीक्षा//ओसीडीआपी/2025**
**दिनांकः 09/04/2025**

सेवा में,

आई एंव एडी कार्यालयों के सभी विभागाध्यक्ष
(मानक ई-मेल सूची के अनुसार)

विषय- वरिष्ठ लेखा परीक्षक/वरिष्ठ लेखाकार के लिए केंद्रीकृत विभागीय प्रोत्साहन परीक्षा 2025

महोदया/महोदय,

कृपया फरवरी से जून 2025 तक निर्धारित केंद्रीकृत विभागीय परीक्षा के संबंध में परीक्षा विंग के पत्र संख्या 48/06-परीक्षा/सीडीईपी/2025 दिनांक 22/01/2025 का संदर्भ लें।

2. तदनुसार, वरिष्ठ लेखा परीक्षकों/वरिष्ठ लेखाकारों के लिए केंद्रीकृत विभागीय प्रोत्साहन परीक्षा 29 अप्रैल 2025 को प्रातः 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक क्षेत्रीय कार्यालयों में ऑफलाइन मोड में आयोजित की जाएगी। परीक्षा का विवरण इस प्रकार है:

| क्रम. सं. | परीक्षा का नाम | परीक्षा की तिथि | पेपर का नाम |
|---|---|---|---|
| 1. | वरिष्ठ लेखा परीक्षकों के लिए प्रोत्साहन परीक्षा (सभी लेखा परीक्षा शाखाओं के लिए) | 29.04.2025 (मंगलवार) 11 AM से 01 PM (2 घंटे) | वित्त, लेखा और लेखा परीक्षा |
| 2. | वरिष्ठ लेखाकारों के लिए प्रोत्साहन परीक्षा (लेखा एवं हकदारी कार्यालय) | | वित्त एवं सरकारी लेखा |

वरिष्ठ लेखा परीक्षकों/वरिष्ठ लेखाकारों के लिए प्रोत्साहन परीक्षा के प्रश्न पत्र विभागाध्यक्षों/नामित अधिकारियों को उनके व्यक्तिगत ईमेल आईडी पर 28 अप्रैल 2025 को दोपहर 12 बजे तक भेज दिए जाएँगे। यदि किसी को 28 अप्रैल 2025 को दोपहर 2 बजे तक प्रश्न पत्र प्राप्त नहीं होते हैं, तो वे अधोहस्ताक्षरी से तुरंत संपर्क कर सकते हैं।

4. अभ्यर्थी अपनी तैनाती स्थल पर ही परीक्षा देंगे, बशर्ते कि उस स्थान पर भारतीय लेखा एवं लेखा परीक्षा विभाग का कार्यालय हो। अभ्यर्थी और कार्यालय तदनुसार एक-दूसरे के साथ समन्वय करेंगे। प्रतिनियुक्ति पर आने वाले अभ्यर्थियों के लिए, संवर्ग नियंत्रण कार्यालय उधार लेने वाले कार्यालयों को प्रश्न पत्र उपलब्ध कराएँगे।

5. लेखापरीक्षा और लेखा दोनों के प्रश्न पत्र सभी कार्यालयों को उपलब्ध कराए जाएँगे। वे अपनी आवश्यकतानुसार डाउनलोड कर सकते हैं। यदि किसी कार्यालय को प्रश्न पत्र की आवश्यकता नहीं है, तो वे उसे अनदेखा कर सकते हैं।

6. परीक्षा समाप्ति के बाद उत्तर कुंजी प्रदान की जाएगी।

भवदीय

(हीरक बागची),
वरि. प्र.अ.-सलाहकार (परीक्षा)